भारत सरकार
सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय

**लोक सभा**
**अतारांकित प्रश्न सं. 788**
04.02.2026 को उत्तर देने के लिए

एमपीलैड्स योजना के तहत दमन और दीव में विकास कार्य

788. श्री उमेषभाई बाबूभाई पटेलः

क्या सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) 18वीं लोक सभा के गठन के बाद से दमन और दीव लोक सभा निर्वाचन क्षेत्र में संसद सदस्य स्थानीय क्षेत्र विकास योजना (एमपीएलएडीएस) योजना के तहत स्वीकृत विकास कार्यों और ऐसी स्वीकृति का ब्यौरा तथा इसकी वर्तमान स्थिति क्या है;

(ख) सरकार के दिशानिर्देशों के अनुसार अनुशंसित कार्यों के अनुमोदन या अस्वीकृति के बारे में जानकारी किस समय- सीमा में संसद सदस्य के साथ साझा की जानी चाहिए;

(ग) क्या दमन और दीव जिला प्रशासन ने इन निर्देशों का पालन किया और यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके कारण क्या हैं;

(घ) एमपीलैड दिशानिर्देशों में यथाविहित किसी सांसद द्वारा अनुशंसित कार्य को मंत्रालय द्वारा जिन आधारों पर अस्वीकार किया जा सकता है, उनका ब्यौरा क्या है; और

(ङ) क्या दमन जिला प्रशासन ने अस्वीकृति के संबंध में विस्तृत जानकारी और साक्ष्य साझा किए हैं और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

**उत्तर**

सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार); योजना मंत्रालय राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) तथा संस्कृति मंत्रालय राज्य मंत्री (राव इंद्रजीत सिंह)

(क) एमपीलैड्स-ईसाक्षी पोर्टल पर उपलब्ध सूचना के अनुसार, 18वीं लोकसभा के कार्यकाल के दौरान दमन और दीव निर्वाचन क्षेत्र के लिए एमपीलैड योजना के तहत माननीय संसद सदस्य द्वारा कुल 35 कार्यों की संस्तुति की गई है।इनमें से, 18 कार्यों को कार्यान्वयन जिला प्राधिकारी (आईडीए) द्वारा अस्वीकार कर दिया गया है, जबकि शेष 17 कार्य आईडीए के समक्ष स्वीकृति के लिए लंबित हैं।18वीं लोकसभा के कार्यकाल के दौरान एमपीलैड योजना के तहत दमन और दीव निर्वाचन क्षेत्र के लिए अब तक कोई भी कार्य संस्वीकृत नहीं किया गया है।

(ख) एमपीलैड्स दिशानिर्देश, 2023 के पैरा 3.2.4 के अनुसार, माननीय संसद सदस्य द्वारा की गई सभी अनुशंसाओं के संबंध में स्वीकृति/अस्वीकृति कार्यान्वयन जिला प्राधिकारी (आईडीए) द्वारा आईडीए को अनुशंसाओं की प्राप्ति की तिथि से 45 दिनों के भीतर जारी की जाएगी।

(ग) एमपीलैड्स-ईसाक्षी पोर्टल पर उपलब्ध सूचना  के अनुसार, एमपीलैड्स दिशानिर्देश, 2023 के तहत अनुशंसित कार्यों की स्वीकृति और अस्वीकृति के संबंध में निर्धारित समयसीमा का दमन जिला प्रशासन द्वारा पालन नहीं किया गया है।जिला प्राधिकारी द्वारा दी गई सूचना  के अनुसार, विलंब का कारण व्यवहार्यता आकलन करने, लागत अनुमान तैयार करने और यह सत्यापित करने में लगने वाला समय है कि क्या माननीय सांसद द्वारा अनुशंसित कार्य संघ राज्य क्षेत्र विकास परियोजना या किसी अन्य योजना के तहत पहले से ही निष्पादित, स्वीकृत या शुरू किए जा रहे हैं।

(घ) एमपीलैड्स दिशानिर्देश, 2023 के पैरा 3.2.8 के अनुसार, कार्यान्वयन जिला प्राधिकारी किसी भी कार्य की स्वीकृति से पहले यह सुनिश्चित करेगा कि सभी वैधानिक और विनियामक स्वीकृतियां सक्षम अधिकारियों से प्राप्त कर ली गई हैं और प्रस्तावित कार्य एमपीलैड्स दिशानिर्देशों के अनुरूप है।इसके अलावा, एमपीलैड्स दिशानिर्देश, 2023 के पैरा 3.2.13 के अनुसार, कार्यान्वयन एजेंसी कार्य की तकनीकी व्यवहार्यता की जांच करेगी और संबंधित राज्य/संघ राज्य क्षेत्र सरकार की स्थापित जांच प्रक्रिया और प्रक्रियाओं के अनुसार वित्तीय अनुमान लगाएगी।यदि इनमें से कोई भी पूर्व शर्त पूरी नहीं होती है तो अनुशंसित कार्य अस्वीकृत किया जा सकता है। योजना दिशानिर्देशों में आगे यह भी कहा गया है कि यदि कार्यान्वयन जिला प्राधिकारी को लगता है कि अनुशंसित कार्य को निष्पादित नहीं किया जा सकता है, तो वह यथाशीघ्र इसके कारण सूचित करेगा। तदनुसार, माननीय सांसद द्वारा किसी भी अनुशंसित कार्य को स्वीकृत/अस्वीकृत करने का अधिकार केवल कार्यान्वयन जिला प्राधिकारी के पास है।

(ङ) जिला कार्यान्वयनकर्ता,दमन द्वारा अस्वीकृत कार्यों का विवरण और उनके द्वारा प्रस्तुत अस्वीकृति  के कारण (अनुबंध I) संलग्न हैं।

*****

अनुबंध-I

दिनांक 04.02.2026 को उत्तर दिए जाने के लिए लोकसभा के अतारांकित प्रश्न संख्या 788 के उत्तर के भाग (ङ) में संदर्भित अनुबंध

| क्रम सं. | आईडीए नाम | पत्र सं. | कार्य/कार्यकलाप | संस्तुत तिथि | संस्तुत राशि | अस्वीकृत तिथि | अस्वीकृत टिप्पणी |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | दमन | एलएन/एमपी18195/2025-2026/19 | जल निकासी व्यवस्था सहित या उसके बिना सड़कों, संपर्क मार्गों, पैदल मार्गों या किसी भी अन्य सड़क का निर्माण | 21 जुलाई 2025 | 1,000,000.00 | 01 नवंबर 2025 | संस्तुत कार्य संघ राज्य क्षेत्र प्रशासन द्वारा पहले ही किया जा चुका है, इसलिए इस पर विचार नहीं किया जा सकता। |
| 2 | दमन | एलएन/एमपी 18195/2025-2026/18 | जल निकासी व्यवस्था सहित या उसके बिना सड़कों, संपर्क मार्गों, पैदल मार्गों या किसी भी अन्य सड़क का निर्माण | 21 जुलाई 2025 | 1,000,000.00 | 01 नवंबर 2025 | संस्तुत कार्य संघ राज्य क्षेत्र प्रशासन द्वारा पहले ही किया जा चुका है, इसलिए इस पर विचार नहीं किया जा सकता। |
| 3 | दमन | एलएन/एमपी 18195/2025-2026/17 | जल निकासी व्यवस्था सहित या उसके बिना सड़कों, संपर्क मार्गों, पैदल मार्गों या किसी भी अन्य सड़क का निर्माण | 21 जुलाई 2025 | 5,000,000.00 | 01 नवंबर 2025 | संस्तुत कार्य संघ राज्य क्षेत्र प्रशासन द्वारा पहले ही किया जा चुका है, इसलिए इस पर विचार नहीं किया जा सकता। |
| 4 | दमन | एलएन/एमपी 18195/2025-2026/16 | जल निकासी व्यवस्था सहित या उसके बिना सड़कों, संपर्क मार्गों, पैदल मार्गों या किसी भी अन्य सड़क का निर्माण | 21 जुलाई 2025 | 1,000,000.00 | 01 नवंबर 2025 | संस्तुत कार्य निजी भूमि पर है, इसलिए इस पर विचार नहीं किया जा सकता। |
| 5 | दमन | एलएन/एमपी 18195/2025-2026/15 | पुलियों और पुलों का निर्माण | 21 जुलाई 2025 | 1,000,000.00 | 01 नवंबर 2025 | यह कार्य संघ राज्य क्षेत्र प्रशासन द्वारा पहले ही पूरा किया जा चुका है, इसलिए इस पर विचार नहीं किया जा सकता। |

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | दमन | एलएन/एमपी 18195/2025-2026/14 | सार्वजनिक उद्यानों का विकास | 21 जुलाई 2025 | 1,000,000.00 | 01 नवंबर 2025 | अनुशंसित कार्य संघ राज्य क्षेत्र प्रशासन द्वारा पहले ही किया जा चुका है, इसलिए इस पर विचार नहीं किया जा सकता। |
| 7 | दमन | एलएन/एमपी 18195/2025-2026/13 | सार्वजनिक शौचालयों और स्नानघरों का निर्माण | 21 जुलाई 2025 | 1,000,000.00 | 01 नवंबर 2025 | अनुशंसित कार्य संघ राज्य क्षेत्र प्रशासन द्वारा पहले ही किया जा चुका है, इसलिए इस पर विचार नहीं किया जा सकता। |
| 8 | दमन | एलएन/एमपी 18195/2025-2026/12 | सार्वजनिक उद्यानों का विकास | 21 जुलाई 2025 | 1,000,000.00 | 01 नवंबर 2025 | यह कार्य संघ राज्य क्षेत्र प्रशासन द्वारा पहले ही किया जा चुका है, इसलिए इस पर विचार नहीं किया जा सकता। |
| 9 | दमन | एलएन/एमपी 18195/2025-2026/11 | ट्यूबवेल और बोरवेल लगाना | 21 जुलाई 2025 | 1,000,000.00 | 01 नवंबर 2025 | सभी घरों में नल कनेक्शन उपलब्ध हैं, इसलिए इस कार्य पर विचार नहीं किया जा सकता। |
| 10 | दमन | एलएन/एमपी 18195/2025-2026/10 | ट्यूबवेल और बोरवेल लगाना | 21 जुलाई 2025 | 1,000,000.00 | 01 नवंबर 2025 | सभी घरों में नल कनेक्शन उपलब्ध है, इसलिए इस कार्य पर विचार नहीं किया जा सकता। |
| 11 | दमन | एलएन/एमपी 18195/2025-2026/9 | श्मशान घाट/ऊर्जा कुशल श्मशान घाट या दफन/शवदाह स्थल पर बनी संरचनाएं | 21 जुलाई 2025 | 1,000,000.00 | 01 नवंबर 2025 | आस-पास श्मशान घाट उपलब्ध है और सभी के लिए सुलभ है, इसलिए इस कार्य पर विचार नहीं किया जा सकता। |
| 12 | दमन | एलएन/एमपी 18195/2025-2026/8 | जल निकासी व्यवस्था सहित या उसके बिना सड़कों, संपर्क मार्गों, पैदल मार्गों या किसी भी अन्य सड़क का निर्माण | 05 जुलाई 2025 | 1,000,000.00 | 01 नवंबर 2025 | अनुशंसित कार्य संघ राज्य क्षेत्र प्रशासन द्वारा पहले ही किया जा चुका है, इसलिए इस पर विचार नहीं किया जा सकता। |

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 13 | दमन | एलएन/एमपी 18195/2025-2026/7 | जल निकासी व्यवस्था सहित या उसके बिना सड़कों, संपर्क मार्गों, पैदल मार्गों या किसी भी अन्य सड़क का निर्माण | 05 जुलाई 2025 | 1,500,000.00 | 01 नवंबर 2025 | अनुशंसित कार्य संघ राज्य क्षेत्र प्रशासन द्वारा पहले ही किया जा चुका है, इसलिए इस पर विचार नहीं किया जा सकता। |
| 14 | दमन | एलएन/एमपी 18195/2025-2026/6 | जल निकासी व्यवस्था सहित या उसके बिना सड़कों, संपर्क मार्गों, पैदल मार्गों या किसी भी अन्य सड़क का निर्माण | 05 जुलाई 2025 | 1,000,000.00 | 01 नवंबर 2025 | प्रस्तावित कार्य संघ राज्य क्षेत्र प्रशासन द्वारा पहले ही किया जा चुका है, इसलिए इस पर विचार नहीं किया जा सकता। |
| 15 | दमन | एलएन/एमपी 18195/2025-2026/5 | जल निकासी व्यवस्था सहित या उसके बिना सड़कों, संपर्क मार्गों, पैदल मार्गों या किसी भी अन्य सड़क का निर्माण | 05 जुलाई 2025 | 1,500,000.00 | 01 नवंबर 2025 | प्रस्तावित कार्य संघ राज्य क्षेत्र प्रशासन द्वारा पहले ही किया जा चुका है, इसलिए इस पर विचार नहीं किया जा सकता। |
| 16 | दमन | एलएन/एमपी 18195/2025-2026/4 | जल निकासी व्यवस्था सहित या उसके बिना सड़कों, संपर्क मार्गों, पैदल मार्गों या किसी भी अन्य सड़क का निर्माण | 05 जुलाई 2025 | 1,500,000.00 | 01 नवंबर 2025 | प्रस्तावित कार्य संघ राज्य क्षेत्र प्रशासन द्वारा पहले ही पूरा किया जा चुका है, इसलिए इस पर विचार नहीं किया जा सकता। |
| 17 | दमन | एलएन/एमपी 18195/2025-2026/3 | खेल सुविधाओं के लिए भवनों का निर्माण | 05 मई 2025 | 18,208,000.00 | 01 नवंबर 2025 | यह कार्य व्यवहार्य नहीं है, इसलिए इस पर विचार नहीं किया जा सकता। |
| 18 | दमन | एलएन/एमपी 18195/2025-2026/1 | बीमार और घायल जानवरों को ले जाने के लिए एम्बुलेंस की खरीद | 03 मई 2025 | 1,670,000.00 | 01 नवंबर 2025 | मोबाइल औषधालय उपलब्ध है, इसलिए इस कार्य पर विचार नहीं किया जा सकता। |
| कुल | | | | | 41,378,000.00 | | |